उमा कहउँ मैं अनुभव अपना । सत हरि भजनु जगत सब सपना ॥
निज अनुभव अब कहउँ खगेसा । बिनु हरि भजन न जाहिं कलेसा ॥
सांध्य दैनिक
|| मानस हरि भजन || Ram Katha 948-*Thanjavur, Tamil Nadu, India || मोरारी बापू

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 163 | इंदौर, शनिवार 28 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

### मनमोहन सिंह के स्मारक पर सियासत: कांग्रेस के आरोप पर भड़की BJP, कहा- इस समय विपक्ष को राजनीति से बचना चाहिए

**नई दिल्ली**। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक पर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस आरोप लगा रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री की अंत्येष्टि और स्मारक के लिए सरकार जगह नहीं ढूंढ पा रही है। यह उनका अपमान है। वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया है।

भाजपा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता, डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए सरकार उन्हें उचित सम्मान देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जिन्होंने देश के आर्थिक विकास के लिए एक प्रमुख नींव रखी। इसी के मद्देनजर कल कैबिनेट ने अपनी बैठक में फैसला किया कि मनमोहन सिंह की याद में एक स्मारक बनाया जाएगा और इस बात से कांग्रेस पार्टी को अवगत करा दिया गया।' उन्होंने कहा, 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बताया कि सरकार ने एक स्मारक बनाने का फैसला किया है और भूमि अधिग्रहण, ट्रस्ट के गठन और भूमि के हस्तांतरण जैसी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद जितना समय लगेगा, वह उचित रूप से और जल्द से जल्द किया जाएगा।'

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देर रात भोपाल के रैन बसेरों में पहुँचे

# जरूरतमंदों और महिलाओं को वितरित किए कंबल

### कलेक्टर को सभी रैन बसेरों में राम-रोटी प्रारंभ करने के दिए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार रात भोपाल के रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरों में राहगीरों, गरीबों, निराश्रितों से चर्चा की, उनके हालचाल जाने और सभी को कंबल वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क स्थित रैन बसेरा पहुंचे। उन्होंने रैन बसेरे में मौजूद कुरवाई के श्री करोड़ीलाल प्रजापति, श्री हशीब खान, श्री संजु कुशवाहा, श्री रवि शर्मा और पथरिया दमोह के दिव्यांग श्री प्रताप मालवीय से चर्चा कर उनके हालचाल जाने और रैन बसेरे की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। राहगीरों ने बताया कि यहां की सभी व्यवस्थाएं ठीक हैं। भोजन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर भोपाल को निर्देशित किया कि सभी रैन बसेरों में राम-रोटी की व्यवस्था करें। दिव्यांग श्री प्रताप मालवीय ने बताया कि वह हर एक-दो दिन में आ जाते हैं, उनकी चार बेटियां हैं, गुजारे की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए वे यहां आकर रहते हैं। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर को श्री प्रताप की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी को कंबल प्रदान किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसके बाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 के पास स्थित रैन बसेरा पहुंचे। रैन बसेरे का निरीक्षण कर उन्होंने वहां मौजूद सभी राहगीरों और गरीब व्यक्तियों से चर्चा कर उन्हें भी कंबल वितरित किए। मुख्यमंत्री ने यहां श्री विशाल मालवीय, श्री शंकर मालवीय, श्री ओमराज, श्री आशीष तिवारी, दिव्यांग श्री विजय आईना (गुनावा) सभी से चर्चा कर उनके यहां आकर रूकने की वजह पूछी। बताया गया कि सब आगे के सफर के लिए यहां रूके हैं।

#### महिलाओं से चर्चा की, उन्हें भी कंबल दिए

रैन बसेरे का निरीक्षण कर लौटते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्लेटफार्म नंबर 6 के सामने ही कुछ महिलाओं को बैठे देखा। उन्होंने वाहन रूकवाकर महिलाओं के पास जाकर चर्चा की और वहां बैठने की वजह पूछी। महिलाओं ने बताया कि वे सब्जी बेचने आती हैं। रात कहां बिताओगी, मुख्यमंत्री ने पूछा तो महिलाओं ने बताया कि यहीं पर। खुले आसमान के नीचे रात बिताने की बात जानकर मुख्यमंत्री सभी महिलाओं को कंबल वितरित किए और कलेक्टर से कहा कि इन सभी के लिए भी व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब और महिलाओं के कल्याण के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। किसी भी गरीब को सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। सर्दी के इस मौसम में कंबल वितरण से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली। मुख्यमंत्री ने राहगीरों से संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के वंचित वर्गों के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है। किसी भी व्यक्ति को बेसहारा नहीं रहने देंगे। गरीब कल्याण मिशन के तहत समाज के कमजोर तबकों को समर्थ बनाने के लिए हम हर कदम उठायेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। ठंड के इस मौसम में किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े, यही हमारी प्राथमिकता है। राहगीरों और गरीबों ने मुख्यमंत्री की इस संवेदनशीलता की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सभी जरुरतमंदों को कंबल एवं गर्म कपड़े देकर सर्दी से जितना हो सके, बचने की अपील की।

इस दौरान कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्री हरेन्द्र नारायण सहित श्री सुमित पचौरी, जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# अंतिम यात्रा पर रवाना हुए मनमोहन सिंह

### पार्थिव शरीर के पीछे निकला हुजूम

**नई दिल्ली**। पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोन सिंह की अंतिम यात्रा शुरू हो गई है। कांग्रेस मुख्यालय से उनका पार्थिव शरीर निगम बोध घाट ले जाया जा रहा है। उनकी अंतिम यात्रा में भारी भीड़ है। गुरुवार रात दिल्ली के AIIMS में उनका निधन हो गया था। 10 सालों तक देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह 92 साल के थे। शुक्रवार तड़के ही उनका शव 3 मोतीलाल नेहरू मार्ग स्थित आवास पर लाया गया। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी, गृह मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और अन्य नेताओं और सगे-संबंधियों ने उनको श्रद्धांजलि दी। मनमोहन सिंह को कांग्रेस मुख्यालय में भी श्रद्धांजलि दी गई।

निगमबोध घाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एक-एक कर लोगों की गाड़ियां यहां पहुंच रही हैं। थोड़ी ही देर में डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर भी पहुंचने वाला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी भी थोड़ी देर में पहुंचेंगे।

निगम बोध घाट पर वीवीआईपी का पहुंचना शुरू हो गया है। थोड़ी ही देर में मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर निगम बोध घाट पहुंचने वाला है। 11.42 बजे राष्ट्रपति उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगी। इससे पहले पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री और अन्य नेता पहुंचेंगे।

#### पीएम मोदी ने रद्द की रैली

दिल्ली के जापानी पार्क में होने वाली रैली पीएम मोदी ने रद्द कर दी है। अब यह रैली 5 जनवरी को आयोजित की जाएगी। केंद्र ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया है।

#### पीएम मोदी भी जाएंगे निगम बोध घाट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी निगम बोध घाट जाएंगे। निगम बोध घाट पर ही राजकीय सम्मान के साथ पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुख और सीडीएस भी मौजूद रहेंगे। दिल्ली पुलिस के कमिश्नर संजय अरोड़ा ने निगम बोध घाट जाकर तैयारियों का जायजा लिया। कुछ ही देर में मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को निगम बोध घाट ले जाया जाएगा।

**बैंक खातों से वंचित नागरिकों के बैंक खाता खोलने के लिए लगाए जाएंगे शिविर**

# इंदौर जिले में अब कोई भी नागरिक बगैर बैंक खाते के नहीं रहेंगे

### सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में अब कोई भी नागरिक बगैर बैंक खाते के नहीं रहेंगे। बैंक खाते से वंचित हर पात्र नागरिक के बैंक खाते खोलने के लिए ग्राम पंचायत वार शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही इंदौर जिले में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बैंक संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिले में अब सभी बैंकों का समय 1 जनवरी से सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रहेगा।**

यह जानकारी आज यहां सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में दी गयी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, लीड बैंक मैनेजर श्री सुनील ढाका, महा प्रबंधक उद्योग श्री एस एस मंडलोई, आरबीआई के प्रबंधक श्री धीरज गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में रोजगार मूलक विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की बैंक वार समीक्षा की गई। बैठक में सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि जिले में विभिन्न रोजगार मूलक शासकीय योजनाओं में अधिक से अधिक हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए लोन उपलब्ध कराया जाए। लोन के लिए किसी भी आवेदक को परेशान नहीं होना पड़े, ऐसी व्यवस्था बैंक में सुनिश्चित की जाए। लोन प्रकरण निर्धारित समय पर स्वीकृत हो।

बैठक में बताया गया कि स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी के दिशा निर्देशानुसार आज संपन्न हुई जिला स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया है कि बैंकों का समय अब 1 जनवरी से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। पूर्व में यह समय सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक था। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने कहा कि जिले में यह सुनिश्चित किया जाए कि हर व्यक्ति का बैंक खाता हो। बैंक खातों से वंचित प्रत्येक नागरिक का जनधन बैंक खाता खोलने के लिए शिविर आयोजित किए जाएं। यह शिविर जिले के सभी ग्राम पंचायत में लगाये जाएं। शिविर आयोजन के लिए जिला पंचायत द्वारा बैंकों को पूरा सहयोग दिया जाएगा। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि डिजिटल अरेस्ट और बैंकिंग गतिविधियों के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने के लिए भी शिविर आयोजित किए जाएं। इसमें शासन की रोजगार मूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाए।

बैठक में उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोजगार मूलक योजनाओं के अंतर्गत कोई भी ऋण प्रकरण अस्वीकृत नहीं किया जाए। समयबद्ध कार्य योजना बनाकर प्रकरण स्वीकृत करें। अगर किसी अपात्र आवेदक का ऋण प्रकरण अस्वीकृत करना पड़े तो उसके पूर्व संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा जरूर की जाए। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड वितरण कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक में बताया गया कि रबी मौसम के लिए किसानों का फसल बीमा किया जा रहा है। फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। इस अंतिम तिथि के पूर्व अधिक से अधिक किसानों का फसल बीमा करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाए। बैठक में इंदौर जिले के प्रत्येक ग्राम में स्थापित किये जा रहे उद्योग के कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

## 19 साल पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की यात्रा इंदौर के विकास के लिए टर्निंग पाइंट थी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बनने के बाद पांच मर्तबा इंदौर आए। प्रधानमंत्री के रुप में वर्ष 2005 में उनकी इंदौर यात्रा विकास के मामले में टर्निंग पाइंट साबित हुई थी। तब जवाहर लाल शहरी नवीनीकरण मिशन योजना तत्कालीन यूपीए सरकार ने शुरू की थी। सिंह तब बंगाली प्रतिमा पर लगी पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की प्रतिमा के अनावरण के लिए आए थे। पूर्व प्रधानमंत्री सिंह ने इंदौर के चार प्रोजेक्टों को उसके लिए मंजूर किया था। इंदौर में तब 25 साल से लोकसभा सीट कांग्रेस नहीं जीत पाई थी। इसके बावजूद सिंह ने इंदौर से भेदभाव नहीं किया। इंदौर में जवाहर लाल नेहरु शहरी नवीनीकरण मिशन के तहत व्हाइट चर्च रोड, एमआर-9 मार्ग, मल्टीलेवल पार्किंग के काम शुरू हुए। इसके अलावा शहरी परिवहन को बढ़ावा देने के लिए नई सिटी बसें भी खरीद गई। तब डेढ़ हजार करोड़ रुपये से अधिक के काम इंदौर में इस प्रोजेक्ट के तहत हुए। सिंह पहली बार वर्ष 2001 में इंदौर आए थे। तब वे राज्यसभा में विपक्ष के नेता थे। वे इंदौर के एक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद वे वर्ष 2009 लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए आए थे और नेहरु स्टेडियम में एक सभा को संबोधित किया था। इसके अलावा वे इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के भूमिपूजन के समय आए थे। वे इंदौर से झाबुआ गए थे। सिंह इंदौर में अंतिम बार वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए आए थे।

## संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में इन्दौर विकास प्राधिकरण संचालक मण्डल की बैठक सम्पन्न

### संचालक मण्डल की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संभागायुक्त व इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज इन्दौर विकास प्राधिकरण संचालक मण्डल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह, आयुक्त नगर निगम श्री शिवम वर्मा, संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश श्री शुभाशीष बेनर्जी, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।**

संचालक मण्डल द्वारा मास्टर प्लान रोड एम.आर.-11 की सर्विस रोड का निर्माण कार्य ए.बी. रोड़ देवास नाका से बायपास रोड़ के कार्य हेतु राशि 15.01 करोड़ रूपये, योजना क्रमांक 97 भाग-2 इंदौर में सीवर लाइन और जल आपूर्ति पाइप लाइन बिछाने के कार्य हेतु राशि 1.60 करोड़ रूपये एवं योजना क्रमांक टीपीएस-4 में सीमेन्ट कांक्रीट रोड़ का निर्माण कार्य सेन्ट्रल वर्ज में क्रश बेरियर सहित के कार्य हेतु राशि 27.40 करोड़ रूपये की निविदाएँ स्वीकृत की गई। इस प्रकार कुल राशि 44.01 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की निविदाएँ स्वीकृत की गई।

एक अन्य निर्णय में संचालक मण्डल द्वारा योजना क्रमांक 151 एवं 169-बी सुपर कॉरिडोर के टी.सी.एस. चौराहे पर उत्तर-पश्चिम स्थित उद्यान में नगर पालिक निगम, इन्दौर को शहीद राव तुलाराम की प्रतिमा स्थापना एवं रख-रखाव हेतु अनापत्ति दिये जाने का निर्णय लिया गया।

संचालक मण्डल द्वारा इन्दौर मेट्रो रेल परियोजना हेतु प्राधिकारी द्वारा निर्माणाधीन खजराना ब्रिज के वाया डक्ट पार्किंग एवं तकनीकी आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति हेतु म.प्र. नगरीय विकास एवं आवास विभाग को परिचालन के अधिकार देने हेतु निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि खजराना फ्लाय ओव्हर का नाम गणेश सेतु के रूप में नामकरण करने बाबद प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। उक्त प्रस्ताव योजना समिति को भेजा जायेगा। एक अन्य निर्णय में संचालक मण्डल द्वारा सेवा सुरभि को झंडा ऊंचा रहे हमारा 2025 गणतंत्र दिवस हेतु राशि 7.00 लाख रूपये अनुदान स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

# यातायात व्यवस्था के सुधार हेतु कार्यवाही जारी





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में यातायात सुधार एवं यातायात को सुगम बनाने की दृष्टि से आज झोन क्रमांक 01 के अन्तर्गत छप्पन दुकान से पलासिया चौराहा तक फुटपाथ हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान रोड़ के किनारे स्थित दुकानों के बाहर टीन शेड, ओटले और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। यातायात के सुधार एवं सुगमता बनाने नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा दुकानों पर लगे हुए टीन शेड,ओटले तथा फुटपाथ पर बने निर्माण को हटाने की कार्यवाही की गई।

# राजपूत समाज के उच्च शिक्षित युवाओं का परिचय सम्मेलन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजपूत समाज का 32वां युवक -युवती परिचय सम्मेलन 5 जनवरी 2025 को सुबह 10 बजे मयंक ब्लू वाटर पार्क इंदौर में आयोजित किया जाएगा। राजपूत समाज चेतना मंडल के संयोजक रतनसिंह राजपूत अध्यक्ष गजराजसिंह सोलंकी, उपाध्यक्ष राजेशसिंह तोमर एवं महासचिव सत्येंद्रसिंह चौहान ने यह जानकारी दी। इस बीच 27 दिसंबर को परिचय सम्मेलन के रंगीन फोल्डर का विमोचन मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ समाजसेवी मोहनसिंह संगर द्वारा किया गया।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजक अनुराधा चौहान, अध्यक्ष मोनिका बेस तथा महिला प्रकोष्ठ की सचिव कीर्ति चौहान ने बताया कि एमआईजी कॉलोनी स्थित कार्यालय रतन केमिस्ट पर युवकों की 882 प्रविष्टियां एवं युवतियों की 497 प्रविष्टियां प्राप्त हुई है, जिनमें 27 डॉक्टर ,92 इंजीनियर, 150 एमबीए, तथा 17 सी ए की प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। यह सभी प्रविष्टियां मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ से प्राप्त हुई है। कुछ प्रविष्टियां विदेश से भी प्राप्त हुई हैं। युवा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर चैतन्य देव सिंह सिसोदिया, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उदय सिंह पवार युवा प्रकोष्ठ के महासचिव रजत सिंह भदोरिया ने बताया कि इस अवसर पर 'परिणय दर्पण' स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें युवक एवं युवतियों के रंगीन फोटो सहित संपूर्ण जानकारी भी दी गई है। 'परिणय दर्पण' पंजीकृत सदस्यों को नि:शुल्क वितरित की जाएगी।

# नए साल में इंदौर में बिछेगा नई सड़कों का जाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विकास के रन-वे पर टेकआफ के लिए तैयार खड़े इंदौर के लिए नया साल महत्वपूर्ण रहेगा। बीत रहे साल में इंदौर को नए ब्रिज मिले, लेकिन नए साल में सड़कों का जाल बिछेगा। इससे शहरवासियों की राह आसान होगी और बसाहट में भी तेजी आएगी। 400 करोड़ रुपये सड़कों के निर्माण पर खर्च होंगे। 17 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो का संचालन भी होगा। पूरे शहर में नए साल में डेढ़ हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य होंगे। वर्ष 2025 में गांधी नगर से विजय नगर तक मेट्रो का संचालन शुरु करने की तैयारी है। इसके लिए आठ स्टेशन तैयार हो रहे है। मेट्रो के कोच भी आ चुके है। ट्रेक पर उनका ट्रायल भी हो रहा है। इसके अलावा मध्य हिस्से में मेट्रो ट्रेन का काम शुरू होगा।



नए साल में मास्टर प्लान की 23 सड़कों का निर्माण शुरू होगा। इस प्रोजेक्ट पर 450 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके टेंडर हो चुके है। नए साल में काम शुरू होंगे। रीगल तिराहा से नेहरू प्रतिमा तक मॉडल रोड का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क के फुटपाथों को भी सुंदर बनाया जाएगा। शहर में मुसाखेड़ी, आईटी पार्क, निरंजनपुर चौराहा, सत्यसांई चौराहा, लवकुश चौराहा, एमआर-10 जंक्शन के ब्रिज बनकर नए साल में तैयार हो जाएंगे। कुमेड़ी में नया बस स्टेशन नए साल में शुरू होगा। यहां राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश की तरफ से आने वाली बसों का संचालन होगा। इस स्टेशन से जनवरी में बसों का संचालन शुरू होगा। शहर में शामिल 29 गांवों के लिए भी प्रदेश सरकार ने पैकेज मंजूर किया है। इन इलाकों में सीवरेज लाइन और नर्मदा लाइन बिछाई जाएगी।

### यह मिला शहर को वर्ष 2024 में

वर्ष 2024 में शहर को चार नए ब्रिजों की सौगात मिली। खजराना, भंवरकुआ, फूठी कोठी और लवकुश ब्रिज शुरू हुआ। इंदौर विकास प्राधिकरण ने नायता मुंडला में नया बस स्टेशन तैयार किया है। बस स्टेशन से बसों का संचालन भी शुरू हो चुका है। शहर में डबल डेकर बसों के संचालन की शुरुआत हुई। ट्रायल के तौर पर दो बसें चली। 50 नई इलेक्ट्रिक बसें इंदौर को मिली। इंदौर एयरपोर्ट पर नया एटीसी टॉवर बनकर तैयार हुई। इसकी ऊंचाई ज्यादा है और आधुनिक संसाधनों के कारण विमानों के संचालन में आसानी होगी।

# डॉक्टर की गोली मारकर हत्या मरीज बनकर आए थे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के राजेंद्र नगर क्षेत्र में एक डॉक्टर की तीन नकबपोश युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्यारे कौन थे और हत्या क्यों की। इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। डॉक्टर अपने मकान में ही क्लिनिक संचालित करते थे। हत्यारे मरीज बनकर आए थे। उन्होंने अपना इलाज कराया, फिस चुकाई।

डाक्टर ने गल्ले से पैसे निकाले तो एक बदमाश ने पिस्तल तानी और रुपये मांगे। डॉक्टर ने इनकार कर दिया तो बदमाश ने सीने में गोली मार दी। घटना के समय क्लीनिक पर डॉक्टर का कर्मचारी भी मौजूद था। बदमाशों ने उससे मोबाइल छिन लिया था। राजेंद्र नगर के कुंदन नगर में देर रात इस




घटना को बाइक पर आए दो बदमाशों ने अंजाम दिया। डॉक्टर सुनील साहू की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी।आशंका है कि लूट के इरादे से इस घटना को अंजाम दिया गया। डॉक्टर को गोली मारी गई। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी मौत हो गई। मौके पर गए पुलिस अफसर आस पास लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रहे है, ताकि हत्यारों का पता लगाया जा सके। पुलिस यह भी पता कर रही है कि डॉक्टर की किसी से रंजिश तो नहीं थी। आपको बता दे कि इंदौर में 12 घंटे में यह दूसरी हत्या है।

### तीन माह पहले खोला था क्लीनिक

डॉक्टर सुनील साहू ने तीन माह पहले ही कुंदननगर में क्लीनिक खोला था। सुनील मूलतः गुना के रहने वाले थे। वे दिन में एक अस्पताल में नौकरी करते थे और शाम को अपने घर पर क्लीनिक संचालित करते थे। दो साल पहले उन्होंने इंदौर की एक युवती से शादी की थी।

# जबरन शराब पिलाकर किया दुष्कर्म, सहेली ने वीडियो बनाया

### मदद के बहाने होटल संचालक ने महिला से की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में एक महिला से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी और उसकी महिला मित्र ने पीड़िता को जबरदस्ती शराब पिलाई। रेप किया। जिसका वीडियो भी बनाया गया। फिर संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करने लगा। इसके बाद पीड़िता ने अपने एक रिश्तेदार को पूरी घटना बताई। तब विजयनगर थाने में शिकायत की।

34 साल की महिला की शिकायत पर आरोपी पुरुषोत्तम उपाध्याय पर रेप, ब्लैक मेलिंग और धमकाने की धाराओं में FIR दर्ज की गई है। पुरुषोत्तम रेस्टोरेंट का संचालन करता है। महिला के पति की मौत हो चुकी है। इसके बाद मदद करने के बहाने पुरुषोत्तम ने उससे संपर्क बढ़ाया था। पीड़िता ने शिकायत में पुलिस को बताया साल भर पहले मेरी गुजरात की एक दोस्त इंदौर आई थी। उसने पुरुषोत्तम से पहचान कराई। पुरुषोत्तम को पता लगा कि मेरे पति नहीं है तो उसने कहा कि तुम्हारे बच्चे छोटे हैं। अगर किसी तरह की मदद करूं तो इंकार मत करना। इसके बाद बार कोड लेकर उसने कई छोटी-मोटी मदद की। वह हर माह बच्चों को कपड़े और चाकलेट वगैरह दिलाने की बात करते हुए दो-तीन हजार रुपए डाल देता था।

### कई बार साथ ले गया, इसलिए भरोसा आ गया

पीड़िता ने बताया कि पुरुषोत्तम कई बार रेस्टोरेंट और अन्य जगह ले गया। लेकिन, कभी गलत नहीं किया। इसलिए उस पर विश्वास हो गया। कुछ दिन पहले पुरुषोत्तम ने गुजरात की दोस्त के साथ रेडिसन के सामने एक होटल पर खाने की बात कही। कहा कि वहां से मूवी देखने चलेंगे। मैं अपनी सहेली के साथ पहुंची। वहां कमरे में पुरुषोत्तम और सहेली शराब पीने लगे। काफी देर हो गई। मैंने घर का कहकर मूवी देखने से इंकार कर दिया। उठकर जाने लगी तो सहेली गुस्सा हो गई। उसने फोन छीन लिया। कहने लगी कि दोस्त को एक साल से लटकाया हुआ है। इतना खर्च करता है। लेकिन, उसने छूने तक नहीं दिया। इसके बाद अंकिता और पुरुषोत्तम ने जबरदस्ती नशा करवाया। पुरुषोत्तम ने यहां संबंध बनाए। फिर सहेली ने वीडियो बनाया। दोनों ने कहा कि अब यह किसी से कुछ कहने लायक नहीं है। इसके बाद रात में घर छोड़कर चले गए। काफी परेशान होने के बाद दोस्त से इस बारे में बात की। वह पुरुषोत्तम के रेस्टोरेंट लेकर पहुंचे। यहां वीडियो डिलीट करने को लेकर बात कही। तब पुरुषोत्तम ने कहा कि उसके पास कोई वीडियो नहीं है। इसके बाद उसने कहा कि तुम मेरे रेस्टोरेंट के सीसीटीवी में आ गए हो।

# दो भिखारी ट्रेन में रिजर्वेशन कराकर इंदौर आए





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रशासन की टीम ने दो भिखारियों को पकड़ा। इनमें से एक आंध्र प्रदेश के कुरनूल से रेलवे के स्लीपर कोच में रिजर्वेशन कराकर यात्रा करते हुए इंदौर में भीख मांगने आया। उसके पास से 20 हजार रुपए भी मिले।**

महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने एमजी रोड पर मस्जिद के पास एक महिला को भिक्षावृत्ति करते पकड़ा। उसकी जांच की गई तो बैग और अलग-अलग पर्स में करीब 45 हजार रुपए मिले। अधिकारियों के अनुसार, यह महिला मस्जिद के पास रहती है और भिक्षावृत्ति करती है। इसी दिन एक अन्य पुरुष भिखारी को भी पकड़ा गया, जिसके पास से 20 हजार रुपए बरामद हुए, जो उसने भिक्षावृत्ति के दौरान जमा किए थे। यह व्यक्ति आंध्र प्रदेश से भिक्षावृत्ति करने के लिए इंदौर आया था। उसके पास रेल का टिकट और रिजर्वेशन फॉर्म भी मिला। जब इन दस्तावेजों की जांच की गई, तो पता चला कि वह ट्रेन में रिजर्वेशन करके इंदौर आया था। कुरनूल में उसके पास रेलवे पास भी था। पकड़े गए एक भिखारी के पास दो टिकट मिले थे- पहला टिकट कुरनूल से भोपाल आने का और दूसरा टिकट भोपाल से कुरनूल जाने का। बताया जा रहा है कि यह भिखारी 2 दिसंबर को कुरनूल से भोपाल और फिर इंदौर भीख मांगने आया था। इसके पास एक और टिकट मिला, जो 25 दिसंबर को भोपाल से कुरनूल वापस जाने का था। हालांकि, यह इंदौर में भीख मांगने के कारण वहीं रुक गया और वापसी की बजाय वहीं रहने का निर्णय लिया। आधिकारिक जांच में यह भी सामने आया कि भिखारी के पास रेलवे रिजर्वेशन के अतिरिक्त फॉर्म थे।

# बहन के दोस्त के पेट में चाकू मारा, घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के एमआईजी इलाके में शुक्रवार रात एक युवक ने दूसरे युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। युवक को गंभीर हालत में मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भीड़ ने आरोपी युवक को पकड़कर पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। टीआई सीबी सिंह के मुताबिक, नंदानगर नगर में रहने वाले पीयूष वर्मा पर लविश बरोड ने चाकू से हमला किया है। घटना संजय नगर के पास चर्च की है। यहां पर लविश ने अपनी बहन के साथ था। उसने पीयूष को मिलने बुलाया था। दोनों के बीच बातचीत हो रही थी। इतने में लविश ने पीयूष के पेट में चाकू मार दिया। घटना में पीयूष के दोस्त जय रावत को भी पैर में चाकू लगा है। उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि पीयूष और लविश की बहन दोस्त हैं। लविश को यह दोस्ती पसंद नहीं है

# ई-मंडी योजना एक जनवरी से बी-क्लास की 41 मंडियों में होगी शुरू : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## किसान अपने मोबाइल से बना सकेंगें प्रवेश पर्ची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ई-मंडी योजना एक जनवरी 2025 से प्रदेश की बी-क्लास की 41 मंडियों में विस्तारित की जा रही है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) अपनी महत्वपूर्ण ई-मंडी योजना का विस्तार कर रहा है। पूर्व से ई-मंडी योजना 42 मंडियों में क्रियाशील है। मंडियों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिये प्रदेश में निरंतर कार्य किया जा रहा है।**

ई-मंडी योजना से किसान मंडियों में अपनी उपज के विक्रय के लिये स्वयं अपनी पर्ची बना सकेंगे। मंडी ऐप से किसानों को सुविधा होगी। उन्हें उपज विक्रय के लिये या प्रवेश पर्ची के लिये लाईन में नहीं लगना होगा। ई-मंडी योजना के तहत मंडी प्रांगण में प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल तथा भुगतान तक की कार्यवाही कंप्यूटराइज्ड रहेगी। मंडियों को हाईटेक बनाया जा रहा है। लक्ष्य रखा गया है कि 01 अप्रैल 2025 से सभी 259 मंडियां ई-मंडी के रूप में कार्य करें।



### मोबाइल ऐप से प्रक्रिया होगी सरल

मंडी ऐप के द्वारा किसान भाइयों के लिये प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है कि वह मंडी आने से पहले मंडी में अपनी प्रवेश पर्ची स्वयं अपने मोबाइल से बना सकते हैं। एक बार प्रवेश पर्ची बन जाने पर बार-बार उन्हें अपना संपूर्ण डाटा मंडी में देने की आवश्यकता नहीं रहेगी। प्रवेश पर्ची बन जाने से किसान सीधे मंडी प्रांगण के नीलामी स्थलों पर जाकर अपनी कृषि उपज की नीलामी करा सकते हैं।

### नीलामी की कार्यवाही भी मिलेगी मोबाइल पर

नीलामी की कार्यवाही की जानकारी किसानों को मोबाइल पर भी प्राप्त होगी। तुलावटी भाईयों को ई-मंडी योजना का प्रशिक्षण दिया गया है। वे एंड्रॉयड मोबाइल पर की गई तौल का फाइनल वजन दर्ज करेंगे और उन्हें कोई भी जानकारी लिखने की आवश्यकता नहीं रहेगी। साथ ही व्यापारी साथियों को भी भुगतान पत्रक बनाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। ई-मंडी योजना में व्यापारी की आईडी पर रेडीमेड भुगतान पत्रक प्रदर्शित होगा। व्यापारी को उनके द्वारा किसानों को किये जा रहे भुगतान की सिर्फ एंट्री ही करनी होगी।

### रियल टाइम होगा उपज रिकार्ड का संधारण

ई-मंडी योजना से किसानों द्वारा मंडी में विक्रय की जा रही कृषि उपज का रिकार्ड संधारण रियल टाइम ऑनलाइन होगा। इससे मंडियों में भीड़-भाड़ भी नहीं होगी और असुविधा भी नहीं होगी। किसान भाइयों को प्रवेश, अनुबंध, तौल तथा भुगतान करने के बाद उनके मोबाइल पर एसएमएस तथा व्हाट्सएप मैसेज प्राप्त होगा। किसानों को यह जानकारी रहेगी कि उनकी उपज किस व्यापारी द्वारा कितने दाम पर खरीदी गई है।

# हनीट्रैप में फंसे ज्योतिषी

## नौकरानी ने बनाए अश्लील वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में एक बुजुर्ग ज्योतिषी हनीट्रैप में फंस गए। घर की नौकरानी ने उनके अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद ब्लैकमेल करने लगी। आरोपी दो साल में करीब 4 करोड़ रुपए ऐंठ चुकी थी।**


पिंकी　रजनी　सजन बाई

गुरुवार को ज्योतिषी (65) के परिवार ने थाने जाकर एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी नौकरानी, उसकी बहन और मां को गिरफ्तार कर लिया। वहीं नौकरानी का पति और प्रेमी फरार है। आरोपी के घर से पुलिस को 45 लाख रुपए कैश और 55 लाख रुपए के गहने भी मिले हैं।शहर के अलखधाम नगर में रहने वाले ज्योतिषी की बेटी ने पुलिस को बताया था कि नौकरानी पिंकी (27), उसकी बहन रजनी, मां सजन बाई बैरागी, पति पवन पाटीदार और पिंकी का प्रेमी राहुल मालवीय पिता को 2 साल से ब्लैकमेल कर रहे हैं। वे उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर करीब 4 करोड़ रुपए ऐंठ चुके हैं।बताया जा रहा है कि 2 दिन पहले पिंकी ने 10 लाख रुपए की और डिमांड की। इस बात का परिवार को पता लग गया। इसके बाद बुजुर्ग ने अपने बेटे से ब्लैकमेलिंग की बात साझा की। इसके बाद नीलगंगा थाने में एफआईआर कराई।एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि नीलगंगा पुलिस ने तीनों महिलाओं को ब्लैकमेलिंग के केस में गिरफ्तार कर लिया है। पिंकी के घर से ब्लैकमेलिंग कर वसूले गए 45 लाख रुपए और 55 लाख रुपए के सोने-चांदी गहने बरामद किए। पिंकी को ज्योतिषी ने झाड़ू-पोंछे के लिए दो साल पहले रखा था। आरोपी ने बुजुर्ग को हनी ट्रैप में फंसाकर उनके वीडियो बना लिए और फिर ब्लैकमेल करने लगी। ज्योतिष ने जमीनें बेचकर पिंकी को रुपए दिए। उन्होंने कुल कितनी रकम आरोपी और उसके साथियों को दी, इस बारे में पूछताछ की जा रही है।

# खड़े ट्रक में एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा।** शहर के बस स्टैंड पर शुक्रवार को एक ट्रक में आग लग गई। आग लगते की ट्रक में रखा सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। जिस वक्त घटना हुई उस समय ट्रक चालक अंदर भोजन पका रहा था, उसी वक्त सिलेंडर के पाइप ने आग पकड़ ली। फायरब्रिगेड ने आग पर काबू पाया लेकिन आग इतनी तेज थी कि ट्रक के आगे का हिस्सा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। ट्रक के चालक दयाराम आदिवासी ने बताया कि ट्रक खराब हो गया था, इसलिए सुधरवाने के लिए बस स्टैंड आए थे, शाम हो गई थी, इसलिए वह ट्रक के केबिन के अंदर ही बैठकर भोजन बनाने लगा। भोजन बनाते वक्त अचानक सिलेंडर के पाइप ने आग पकड़ ली, अचानक गैस लीकेज के बाद आग फैल गई, उसने ट्रक से बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। चालक ने बताया कि आग में उसके बाल झुलस गए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टिकट के पैसे नहीं थे...ट्रेन के कोच के नीचे छिपकर 250 किमी आया युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में एक युवक ट्रेन के पहिए के बीच सफर करते पकड़ाया। उसने इटारसी से जबलपुर तक 250 किमी की दूरी ऐसे ही तय की। दानापुर एक्सप्रेस जब आउटर पर पहुंची तो रेलवे कर्मचारियों को जांच के दौरान वह एस-4 कोच के नीचे छिपा मिला। पूछताछ में उसने कहा कि मेरे पास टिकट के पैसे नहीं थे। घटना गुरुवार शाम की है। जांच के दौरान रेलवे कर्मचारियों की नजर कोच के नीचे लेटे एक युवक पर पड़ी। उन्होंने तुरंत वायरलेस के जरिए लोको पायलट को सूचना दी और ट्रेन रुकवाई गई। इसके बाद कर्मचारियों ने ट्रॉली में छिपे उस व्यक्ति को बाहर



निकाला। कैरिज एंड वैगन विभाग (एसीएंडडब्ल्यू) के कर्मचारियों ने तुरंत उसे पकड़ लिया। पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने कहा कि युवक कौन है और कहां का रहने वाला है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की जांच आरपीएफ पुलिस को सौंपी गई है।

## सिर कुचलकर बुजुर्ग महिला की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** नर्मदानगर में एक बुजुर्ग महिला का शव पुलिस को जंगल में मिला है, प्राथमिक जांच के बाद पुलिस इसे सिर कुचलकर हत्या होना बता रही है। पुलिस ने महिला के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है। शव के पास मिले पत्थर पर खून के निशान मिले हैं, गले में रस्सी का फंदा भी लगा हुआ था। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार नर्मदानगर पुलिस को शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे चौकीदार विजय दवाड़े ने सूचना दी कि इंधावड़ी-रिचफल के बीच सुकवा रोड पर एक महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा हुआ है। शव मिलने की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार शव ज्यादा पुराना नहीं है।

## पूर्व आरटीओ कॉन्स्टेबल के घर ईडी की रेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभा शर्मा के घर शुक्रवार सुबह ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम ने छापा मारा है। अलग-अलग टीमों ने भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर में रेड की है। ग्वालियर में सौरभ शर्मा के बहोड़ापुर स्थित कोठी पर सुबह 5 बजे ही पुलिस फोर्स के साथ ईडी ने दबिश दी है। बाहर फोर्स तैनात है और अंदर अफसर सर्चिंग कर रहे हैं। हालांकि इस मामले में एसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह का कहना है कि रेड किसकी है, यह अभी उनको भी नहीं पता है। किसी भी जांच एजेंसी ने ग्वालियर पुलिस से संपर्क नहीं किया है।

## लोडिंग वाहन पलटा, दो लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** ग्राम जिरभार के पास लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार दो लोगों को मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना में 21 लोग बुरी तरह घायल हो गई। इनमें नौ लोगों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना शुक्रवार को दोपहर 2.50 बजे हुई। जानकारी अनुसार छोटा लोडिंग वाहन जिरभार से सालाखेड़ी की ओर जा रहा था। इस दौरान अनियंत्रित होकर वाहन पलट गया। इसमें सवार यात्री 38 वर्षीय रामचंद्र और 65 वर्षीय लखन मालाकार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर एएसपी मनोहरसिंह बारिया पहुंचे। सभी घायलों को एम्बुलेंस से लाकर बैडिया के स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

## संपादकीय

# भाजपा की इस नीति का शिकार तो नहीं हो रही लोजपा

बिहार की राजनीति में पतंगबाज सरीखी भाजपा का कोई जवाब नहीं। उसे मालूम है कि कब और कितनी ढील देनी है। कब किसी के राजनीतिक वजूद की पतंग काट देनी है और कब सपोर्ट का धागा खींच लेना है। आज की तारीख में एलजेपी (रामविलास) भाजपा की इस नीति का शिकार तो नहीं हो रही है? लोजपा के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडेय के यहां ईडी का छपा लोजपा पर नकेल कसने की तैयारी तो नहीं? एलजेपी (रामविलास) के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडेय के कई ठिकानों पर ईडी की रेड को राजनीतिक गलियारों में अपरोक्ष रूप से लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान पर नकेल कसना माना जा रहा है। हुलास पांडेय को केंद्रीय मंत्री और एलजेपी (आर) के प्रमुख चिराग पासवान का सबसे करीबी नेता माना जाता है। दरअसल, चिराग पासवान से बीजेपी की नाराजगी जगजाहिर हो चुकी है। केंद्र में मंत्री बनने के बाद चिराग पासवान के कई बयानों से बीजेपी को बैकफुट पर आना पड़ा था। लोजपा (रामविलास) आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी भूमिका बड़ा करना चाहती हैं। इसकी मूल वजह है लोकसभा चुनाव 2024 में 100 फीसदी स्ट्राइक रेट देना। चिराग पासवान हाजीपुर से, सांभवी चौधरी समस्तीपुर से, मनोज भारती जमुई से, खगड़िया से राजेश कुशवाहा और वैशाली से वीणा सिंह की जीत से लोजपा( रामविलास) का मनोबल हाई है। लोजपा के सूत्र बताते हैं कि इस बार चिराग पासवान कम से कम 50 सीट का दावा करने जा रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव चिराग पासवान और तेजस्वी यादव को एक प्लेटफार्म पर लाना चाहते हैं। इस अभियान में कुछ नेता लगे हुए हैं। 25 दिसंबर को दिल्ली में जेपी नड्डा के घर पर एनडीए नेताओं की बैठक हुई थी। पर इस बैठक को चिराग पासवान ने अननोटिस किया। और इस महत्वपूर्ण बैठक से गायब रहे।

# सोने का अंडा देने वाली मुर्गी



किसी छोटे से गांव में एक गरीब किसान अपने परिवार के साथ रहा करता था। वह दिनभर खेत में काम करता था, लेकिन परिवार में सदस्यों की संख्या ज्यादा होने के कारण उसके लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो रहा था। अपनी इस लाचारी को देखते हुए किसान हमेशा दुखी रहता और पैसा कमाने के नए-नए तरीकों के बारे में सोचता रहता।

उसकी इस हालत को देखते हुए उसके एक दोस्त ने उसे खेती के साथ मुर्गी पालने का सुझाव दिया। उसके दोस्त ने कहा कि अगर तुम खेती के साथ-साथ मुर्गी के अंडे बेचोगे, तो तुम्हारी कमाई अच्छी होगी। इससे तुम अपने परिवार को भरपेट खाना खिला पाओगे। यह सुनकर किसान खुश तो हुआ, लेकिन बोला कि भाई मेरे पास तो मुर्गी खरीदने के भी पैसे नहीं हैं। ऐसे में मैं क्या खाक मुर्गी के अंडे बेचूंगा।

किसान की यह बात सुन उसका दोस्त बोला, भाई इतना भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। थोड़े पैसे मुझ से ले लो और दो-चार मुर्गी खरीद लो। बाद में जब पैसे आ जाएं, तो मुझे मेरे पैसे लौटा देना। उसकी यह बात सुनकर किसान राजी हो गया और कुछ पैसे दोस्त से ले लिए।

अगले दिन किसान पैसे लेकर बाजार की ओर निकल पड़ा। वहां जाकर उसने पांच से छह मुर्गियां खरीद लीं। बाकी, जो पैसे बचे उनसे मुर्गियों के लिए उसने दाना ले लिया। मुर्गी और दाना लेने के फौरन बाद वह घर की ओर रवाना हो गया। आखिर खेत पर भी तो जाना था। घर लौटते ही उसने अपनी पत्नी को आवाज लगाई और कहा, सुनती हो, मैं मुर्गियां ले आया हूं। इन्हें ले जाओ और अच्छे से दाना-पानी दे देना। कल से ये जितने भी अंडे देंगी, उन्हें बेचकर थोड़ी कमाई हो जाया करेगी।

पत्नी के बाहर आते ही वह मुर्गियां और दाने उसके हाथ में थमाकर खेत की ओर चला गया। दिनभर खेत पर काम करने के बाद जब किसान वापस लौटा, तो अपनी पत्नी को देखकर हैरान हो गया। उसकी पत्नी ने मैले-कुचैले कपड़ों की जगह नई चमकदार रेशमी साड़ी पहने हुए थी। हाथों में सोने की चूड़ियां और गले में मोतियों का हार था।

यह सब देख उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि अचानक उसकी पत्नी के हाथ ऐसा कौन-सा खजाना लग गया, जिससे उसने नए-नए कपड़े खरीद लिए। उसने अपनी पत्नी से पूछा यह सब क्या है? कैसे और कहां से आया यह सब? पत्नी मुस्कुरा कर बोली, बस यूं समझ लो ईश्वर की कृपा बरस चली है।

किसान फिर बोला, अरे! बताओ तो सही, ऐसा कैसे हो गया? पत्नी बोली आप जो मुर्गियां लाए थे, उसमें से एक मुर्गी ने सोने का अंडा दिया था। यह सुनते ही किसान एक दम से उछल पड़ता है और कहता है, क्या सच कह रही हो। पत्नी कहती है, हां सच में तभी तो यह सब आया और पति के हाथ में रुपयों से भरी थैली थमा देती है।

सोने के अंडे के बारे में जानकर किसान खुश तो बहुत होता है, लेकिन तसल्ली के लिए सब कुछ अपनी आंखों से देखना चाहता है। इसके लिए वह सुबह तड़के ही मुर्गियों के पास बैठ जाता है, तभी उनमें से एक मुर्गी सोने का अंडा देती है। सोने का अंडा देख, वह खुशी से फूला नहीं समाता है। उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं होता है। वह अंडे को हाथ में उठाता है और अपनी पत्नी को आवाज लगाता है। पत्नी के आते ही वह कहता है, अब हम गरीब नहीं रहे। हम दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन जाएंगे।

किसान की यह बात सुनकर पत्नी कहती है कि पागल हो गए हो क्या? एक अंडे से कोई दुनिया का अमीर आदमी कैसे बन सकता है, लोगों के पास तो पता नहीं कितना-कितना सोना पड़ा है। पत्नी के इस तंज पर किसान कहता है, सोचो जब यह मुर्गी सोने का अंडा देती है, तो क्यों न एक साथ इसके पेट में मौजूद सारे अंडे निकाल लिए जाएं। पत्नी थोड़ा सोचती है, फिर उसे पति की बात जच जाती है। वह भागकर एक तेज धार वाला चाकू ले आती है।

किसान पत्नी के हाथों से चाकू लेकर एक झटके में मुर्गी का पेट चीर देता है। मुर्गी का पेट फटते ही मुर्गी मर जाती है और किसान के हाथ एक भी अंडा नहीं लगता। यह देख किसान और उसकी पत्नी को अपने किए पर बहुत पछतावा होता है।

## कहानी से सीख

सोने का अंडा देने वाली मुर्गी की कहानी से यह सीख मिलती हैं कि किसी भी मनुष्य को जितना है, उतने में ही संतोष करना चाहिए। लालच कभी भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि लालच बुरी बला है।

## रंग भरो



New Delhi

# गुणवत्ता पर खरी नहीं उतरीं 111 दवाएं, दो नकली मिलीं कानूनी कार्रवाई शुरू करेगा स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दवाओं की गुणवत्ता की जांच के अभियान में नवंबर में 111 दवाएं मानकों पर खरी नहीं पाई गईं। जांच में दो दवाएं नकली मिलीं, जिनके उत्पादकों का कुछ पता नहीं है। इनके नमूने बिहार और गाजियाबाद से लिए गए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय अब इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहा है। दवाओं को बाजार से हटाने के निर्देश दिए हैं।**

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने देशभर में दवा दुकानों से नमूने लिए थे। इनमें से 41 दवाओं के नमूनों की जांच संगठन और केंद्रीय प्रयोगशालाओं में



की गई। 70 की जांच राज्य की प्रयोगशालाओं में की गई थी। इनमें गैस, बुखार, सांस की दवाएं शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया, बिहार और गाजियाबाद में जिन दो दवाओं के नमूने नकली मिले हैं, उन्हें बड़ी कंपनी के नाम पर बनाया गया है। नकली दवाओं के मामले में 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है।

**पैन 40 और ऑगमेंटिन 625 डीयूओ मिली नकली** : बिहार से पैन-40 नामक गैस की दवा नकली पाई गई है, जिसका बैच नंबर 23443074 है। गाजियाबाद से एमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लेवुलैनेट टैबलेट (ऑगमेंटिन 625 डीयूओ) का नमूना नकली पाया गया है, जिसका बैच नंबर 824डी054 है।

Rajasthan

बोरवेल हादसा

## चेतना को बचाने के लिए 170 फीट गहरे टनल में उतरे NDRF के तीन जवान, छठे दिन जारी है रेस्क्यू



**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के कोटपुतली-बहरोड़ क्षेत्र में पिछले 6 दिनों से तीन साल की बच्ची चेतना बोरवेल में फंसी है. उसे बचाने के लिए बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है. बच्ची लगभग 170 फीट गहराई में फंसी हुई है. रेस्क्यू में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें लगातार जुटी हुई हैं.

कोटपूतली में चेतना को निकालने के लिए एनडीआरएफ के तीन जवान ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर मशीन के जरिए 170 फीट गहरे टनल में उतरे हैं. चेतना को बचाने के लिए रेस्क्यू का आज छठवां दिन है. पाइलिंग मशीन से बोरवेल के समानांतर 170 फीट का ड्रिल करके खुदाई करने के बाद उसमें केसिंग का काम किया गया. अब चेतना जिस बोरवेल में है, वहां तक टनल बनाया जाएगा.

जिला प्रशासन का कहना है कि अभी चेतना को निकालने में कुछ घंटे लग सकते हैं. इस बीच परिवार ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां इतना धीरे काम कर रहे हैं, जैसे कोई देखने वाला नहीं है. बच्ची की मां ने रोते हुए कहा कि कलेक्टर मैडम अपनी बेटी समझकर मेरी बेटी को बचा लो. वहीं बच्ची के ताऊ का कहना है कि जिला प्रशासन कह रहा है कि आप तो किनारे बैठो, काम तो काम की तरह होगा.

Uttarpradesh

## यूपी में एक और हाफ एनकाउंटर, मांग टीका और टॉप्स के साथ पकड़ा गया बदमाश

**गोंडा, (एजेंसी)** यूपी में एक और हाफ एनकाउंटर हुआ है। प्रदेश के गोंडा जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और एसओजी टीम ने शुक्रवार देरात खोरहंसा चौकी क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को दबोच लिया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश जख्मी हो गया। उसे पुलिस ने तत्काल बाबू ईश्वर शरण अस्पताल पहुंचाया। एसपी विनीत जायसवाल ने अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि मुठभेड़ में घायल आरोपी पुजारी उर्फ नीरज पुत्र डाकिया निवासी ग्राम दत्तनगर विशेन थाना कोतवाली नगर का रहने वाला है। उसके कब्जे से करीब 900 ग्राम चांदी के आभूषण, सोने का मांग टीका और कानों के टॉप्स बरामद किए गए हैं। बकौल एसपी आरोपी का एक साथी दिन में सिल बट्टा बेचने के दौरान घरों की रेकी करता था। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद रात में घटना को अंजाम दिया जाता था।



Bihar

## पटना में युवक की गोली मारकर हत्या... अस्पताल में शव छोड़कर भाग निकले दोस्त

**मनेर, (एजेंसी)** पटना के मनेर क्षेत्र में सनसनीखेज घटना सामने आई है. यहां शुक्रवार की शाम एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है.

पटना के पास मनेर थाना क्षेत्र में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई. मृतक की पहचान कसिमुद्दीन अंसारी उर्फ छोटू मियां के पुत्र साहिल आलम के रूप में हुई है. साहिल अपने अहियापुर गांव के कुछ युवकों के साथ बगीचा में बैठा था.

इसी दौरान उसे गोली लग गई. उसके साथ मौजूद युवक साहिल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनेर, फिर इसके बाद बिहटा स्थित नेताजी सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल में ले गए. वहां जब युवक की मौत हो गई तो साहिल के साथ



वाले लड़के अस्पताल से फरार हो गए.

पटना सिटी एसपी पश्चिम शरथ आर एस ने बताया कि अहियापुर गांव के साहिल आलम की गोली लगने से मौत हो गई है. अस्पताल ले जाने वाले लड़कों ने साहिल के पिता को सूचना दी, लेकिन जब साहिल के पिता अस्पताल पहुंचे तो गोली लगने से मौत की सूचना मिली. पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल में जुटी है.

खेल

# यशस्वी के रन आउट होने पर आया गावस्कर का बयान, बोले - इतना जोखिम लेने की जरूरत नहीं थी

**मेलबर्न, (एजेंसी) भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में यशस्वी जायसवाल के रन आउट होने पर अपनी राय रखी है। गावस्कर का कहना है कि विराट कोहली और यशस्वी को इतना जोखिम लेने की जरूरत नहीं थी। यशस्वी के आउट होते ही भारतीय पारी लड़खड़ा गई और ऑस्ट्रेलिया को वापसी का मौका मिला।**



भारतीय पारी के 41वें ओवर की आखिरी गेंद पर यशस्वी ने हल्के हाथों से शॉट खेला। गेंद मिड ऑन पर गई और यशस्वी रन के लिए दौड़ पड़े। कॉल उनका था और कोहली भी थोड़ा आगे आकर पीछे मुड़ गए। यशस्वी भी कोहली के साथ नॉन स्ट्राइक एंड पर थे। दोनों एक ही छोर पर मौजूद थे और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने गेंद को स्टंप्स पर दे मारा। इस तरह यशस्वी रन आउट हो गए। वह 118 गेंद में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 82 रन बनाकर आउट हुए और शतक से चूक गए। यशस्वी को रन आउट करने के बाद कंगारुओं ने सात गेंद के अंदर विराट कोहली को भी पवेलियन भेजा। बोलैंड ने कोहली को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच कराया। वह 86 गेंद में 36 रन बना सके।

### गावस्कर ने बताया, कैसे हुई चूक


गावस्कर का मानना है कि अगर कोहली प्रतिबद्ध होते तो वो रन ले सकते थे क्योंकि वह विकेट के बीच से रन चुराने वाले शानदार बल्लेबाज हैं। गावस्कर ने एक स्पोर्ट्स चैनल पर कहा, यह रन तेजी से लिया जा सकता था और कोहली जैसा बल्लेबाज ऐसा कर सकता था। लेकिन यह चीज अलग है क्योंकि वह फील्डर की ओर देख रहे थे। जब आप फील्डर की तरफ देख रहे होते हैं और पीछे मुड़ते हैं तो आप कुछ महत्वपूर्ण सेकेंड बर्बाद हो जाते हैं। आपका नियंत्रण गड़बड़ा जाता है और ऐसे में रन चुराना मुश्किल होता है। इस स्तर पर आपको ऐसा जोखिम लेना ही क्यों है। आप अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और रन भी आ रहे थे, ऐसे में इतना जोखिम लेने की जरूरत ही नहीं थी।

### रन आउट मामले पर बंटे पूर्व भारतीय खिलाड़ी

यशस्वी जिस तरह रन आउट हुए उस पर पूर्व भारतीय खिलाड़ियों की अलग-अलग राय आई। पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का कहना है कि चूंकि यशस्वी की तरह से भागने का इशारा आया था और गेंद कोहली के पीठ के पीछे थी, लिहाजा पूर्व कप्तान को यशस्वी पर भरोसा दिखाना चाहिए था और रन के लिए दौड़ना चाहिए था। हालांकि, पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री, इरफान पठान और दीप दासगुप्ता की राय इससे अलग थी। इन तीनों का कहना था कि गेंद फील्डर के काफी पास थी, ऐसे में यह रन लेना जायज ही नहीं था। इसके बावजूद यशस्वी रन लेने के लिए दौड़ पड़े।

सिनेमा

## रवि किशन ने किया था कास्टिंग काउच का सामना, कहा- मैं अच्छा दिखता था इसलिए मेरा फायदा...



रवि किशन काफी समय से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़े हैं। उन्होंने ना सिर्फ 450 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम किया है बल्कि हिंदी सिनेमा में भी उन्होंने काफी सक्सेस हासिल की है। अब रवि ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में उन्हें अपने शुरुआती दिनों में कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। रवि ने बताया कि कैसे वह अपने टीनेज में गांव छोड़कर मुंबई आ गए थे। इस दौरान कुछ लोगों ने उनका फायदा उठाना चाहा, लेकिन रवि ने अपनी मेहनत से इंडस्ट्री में खास जगह बनाई। रवि ने बताया कि कैसे कई आदमियों के साथ भी यौन शोषण होता है। शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब पर रवि ने कहा, 'जब आप यंग होते हैं, गुड लुकिंग और फिट भी, लेकिन आपके पास पैसे नहीं हैं तो लोग आपका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। यह काफी जगह होता है, सिर्फ फिल्मों में ही नहीं। मैंने अपने यंग दिनों में इसका काफी सामना किया है। लोग मेरा फायदा उठाना चाहते थे, लेकिन मैं सबको बता दूं कि सक्सेस का कोई शॉर्टकट नहीं है। मैंने कई लोगों को देखा है जो शॉर्टकट लेते हैं और बाद में पछतावा होता है। वे लोग फिर किसी एडिक्शन में पड़ जाते हैं या फिर अपनी जिंदगी खत्म कर देते हैं।' रवि बोले, 'मैंने कभी किसी को शॉर्टकट लेकर सक्सेस पाते नहीं देखा है।

## Highlights

1. **US-India's unprecedented ties wouldn't be possible without Dr Manmohan Singh: Joe Biden**
2. **Drug regulator flags PAN-40 & Augmentin 625 Duo as spurious, 111 others fail quality test**
3. **KCR credits late Dr Manmohan Singh's role in Telangana's formation**
4. **Kerala HC lifts ban on Pappanji burning at Fort Kochi's two venues**
5. **Mangaluru Kambala Samiti's season 8 event to be held on Saturday**

# DGCA orders suspension of Akasa Air's senior executives over pilot training lapses




**NEW DELHI, (Agency).** Aviation safety regulator Directorate General of Civil Aviation (DGCA) on Friday ordered the suspension of Akasa Air's two senior executives for six months due to alleged lapses in pilot training.

The suspension was issued against Akasa Air's director of operations and director of training, PTI reported. Their suspension follows concerns over non-compliance with civil aviation safety standards.

The two senior executives of the airline have "failed" to ensure "compliance" with the civil aviation requirements, the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) said in its two separate orders of December 27.

The suspension comes after the DGCA found the responses to show-cause notices issued to the executives in October 2024 to be "unsatisfactory."

The aviation regulator also stated that the order came after a regulatory audit conducted by them earlier in October.

"It has been found in a regulatory audit conducted by DGCA on Oct 7, 2024, at M/s SNV Aviation Private Limited (Akasa Air), Mumbai, that RNP training (Approaches) is being conducted on simulators which have not been qualified for the same... which violates Para 7 of CAR Section 7, Series D, Part VI," the DGCA stated.

Akasa Air in a statement said, "Akasa Air receives an order from the DGCA dated December 27, 2024. We will continue to work with the DGCA and comply accordingly.

"Safety is of utmost importance, and we continuously strive to pursue the highest standards of safety."

# Ratan Tata birth anniversary : 10 facts about India's most beloved industrialist

**NEW DELHI, (Agency).** December 28 marks the birth anniversary of Ratan Tata, one of India's most beloved personalities, who passed away at the age of 86 in Mumbai's Breach Candy hospital on October 9, 2024.

Ratan Tata headed the Tata conglomerate for over two decades as Chairman from 1991 to 2012, and also briefly returned as interim chairman in 2016.

His tenure, characterised by a multitude of eye-catching deals and also huge philanthropic efforts was responsible for transforming the Group into a global empire.

Responsible for Tata's huge global presence

Under Ratan Tata's leadership, the Tata Group saw significant expansion. It now operates in more than 100 across across the globe and made a staggering $165 billion in revenue during the financial year 2023-24.

Ratan Tata's most talked about acquisition was that of luxury carmaker Jaguar Land Rover in 2008. He also headed the acquisition of British steelmaker Corus in 2007, making Tata Steel the world's fifth-largest steel producer, though this deal did see some downsides.

# नायसस ने किया FY25 की पहली छमाही में 186% आय वृद्धि और 211% मुनाफे में उछाल के साथ शानदार प्रदर्शन

**मुंबई । निसस फाइनेंस सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (बीएसई- NISUS | 544296 | INE0DQN01013), जो शहरी बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण और पूंजी बाजार में 10 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ विशेषज्ञता रखती है, और जो ट्रांजैक्शन एडवाइजरी सेवाओं एवं फंड और एसेट मैनेजमेंट पर केंद्रित है, ने वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही (H1 FY25) के लिए अपने अविराम वित्तीय परिणाम (Unaudited Financial Results) की घोषणा की।**

**मुख्य वित्तीय विशेषताएँ** - संविधिक प्रमुख वित्तीय मुख्य बिंदु H1 FY25 **कुल आय**: 34.63 करोड़, वार्षिक वृद्धि 186.47% ,EBITDA: 25.91 करोड़, वार्षिक वृद्धि 173.49% **PAT**: 18.69 करोड़, वार्षिक वृद्धि 210.97% ,PAT मार्जिन (%): 53.98%, वार्षिक वृद्धि 425 आधार अंक ईपीएसः 10.35, वार्षिक वृद्धि 267.02%

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...




WWW.DETECTIVEGROUP.IN

**Visit our website & Submit your Query...**
**Team will contact you within 24 hrs...**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक